gradeup

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 8-14 जून 2021







# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 8-14 जून 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट दुसरे **सप्ताह** (8-14) जून **2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. कोविड-19 संकट से अत्यधिक प्रभावित MSME क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए किस बैंक ने भारत की राष्ट्रव्यापी पहल का समर्थन करने हेतु 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के कार्यक्रम को मंजूरी दी है__________**विश्व बैंक।**

   **नोट:**

   - यह कार्यक्रम 555,000 MSME के प्रदर्शन में सुधार का लक्ष्य रखता है और सरकार की 3.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की MSME कंपटेटिवनेस - एक पोस्ट-कोविड रेजिलिएंश एंड रिकवरी प्रोग्राम (MCRRP) के भाग के रूप में 15.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण जुटाने की उम्मीद है।
   - 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का राइज़िंग एंड एक्सेलरेटिंग माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइज़ेज (MSME) प्रोग्राम (RAMP) कार्यक्रम इस क्षेत्र में विश्व बैंक की दूसरी सहायता है, पहली सहायता 750 मिलियन अमेरिकी डालर का MSME इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्रोग्राम है, जिसे कोविड-19 महामारी से गंभीर रूप से प्रभावित लाखों लाभप्रद MSME की तत्काल चलनिधि और ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए जुलाई 2020 में मंजूर किया गया था।

2. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना के तहत कुल ऋण का कितने प्रतिशत भाग स्वीकृत किया है___________**95%।**

   **नोट:**

   - PSU बैंकों ने 31 मई 2021 तक इस योजना के तहत 23,16,207 ऋण स्वीकृत किए हैं।
   - भारत सरकार ने 1 जून, 2020 को पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि (PM SVANidhi) योजना शुरू की।
   - योजना के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए 10,000 रुपये तक का संपार्श्विक मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का लक्ष्य लगभग 50 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तपोषित करना है।

3. घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी CRISIL ने वित्त वर्ष 2021-22 में भारत के लिए GDP वृद्धि पूर्वानुमान को संशोधित करके कितना कर दिया_______**9.5 प्रतिशत।**

   **नोट:**

   - रेटिंग एजेंसी अन्य निगरानीकर्ताओं में शामिल है, जिन्होंने अपने वित्त वर्ष 2022 के विकास पूर्वानुमानों में कटौती की है, इनमें से कुछ ने इसे 7.9 प्रतिशत तक कम कर दिया है।
   - अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2021 में 7.3 प्रतिशत संकुचित हो गई थी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. केंद्र सरकार ने हाल ही में 2021-22 फसल मौसम (जुलाई-जून) के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में वृद्धि की, इस वर्ष किस फसल के लिए अधिकतम वृद्धि आरक्षित है________**दलहन और तिलहन।**

**नोट:**

- किसानों को धान से स्थानांतरण हेतु प्रोत्साहित करने के लिए दलहन और तिलहन में अधिकतम वृद्धि आरक्षित है।
- 2021-22 के लिए अरहर और उड़द का MSP 300 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 6300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि मूंगफली के बीज का MSP 2021-22 में 275 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 5550 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया।
- तिल का MSP 452 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 7307 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

5. किस बैंक ने अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (KIADB) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ________**HDFC बैंक।**

**नोट:**

- समझौता ज्ञापन के एक भाग के रूप में, HDFC बैंक देश भर में व्यापक शाखा नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा।
- समझौता ज्ञापन के अनुसार, KIADB ऐसे आवंटियों/ग्राहकों और KIADB के बीच सहमति की शर्तों के अनुसार भूमि का कब्जा सौंपने और परियोजना के तहत निर्माण से संबंधित अनुमोदन प्रदान करेगा और विलंब की स्थिति में त्वरित उपाय करेगा।

6. किस बैंक ने NBFC कंपनियों इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस और IIFL होम फाइनेंस के साथ सह-ऋण साझेदारी की घोषणा की________**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया।**

**नोट:**

- इस व्यवस्था के तहत, गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां (NBFC) खुदरा आवास ऋण का आरंभ और प्रसंस्करण करेंगी, जबकि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रत्यक्ष समनुदेशन लेनदेन के तहत आवास ऋण का 80 प्रतिशत हिस्सा देगा।
- साझेदारी के फलस्वरूप सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियाबुल्स HFL और IIFL HFL द्वारा अत्यधिक आवास ऋण वितरण होगा।

7. वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, 2020-21 के दौरान, भारत के कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र उत्पादों के निर्यात में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ________**17.34 प्रतिशत।**

**नोट:**

- भारत के कृषि उत्पादों के सबसे बड़े बाजार अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया हैं।
- इसके अलावा, महाराष्ट्र, केरल, नागालैंड, तमिलनाडु, असम, पंजाब और कर्नाटक सहित कम से कम 18 राज्यों ने कृषि निर्यात नीति को लागू करने के लिए अपनी विशिष्ट कार्य योजना को अंतिम रूप दिया है।

8. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने ATM पर प्रत्येक वित्तीय लेनदेन पर इंटरचेंज शुल्क 15 रुपये से बढ़ाकर कितना कर दिया__________ **17 रुपये।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- बैंक 1 अगस्त, 2021 से ATM लेन-देन शुल्क बढ़ा सकेंगे।
- ग्राहक वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन सहित अपने बैंक के ATM से हर महीने अभी भी पांच नि:शुल्क लेनदेन और अन्य बैंक ATM से तीन लेनदेन के पात्र हैं।

**9.** वाणिज्य मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत के जैविक कृषि उत्पादों के निर्यात में 2020-21 में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई _____**61 प्रतिशत।**

**नोट:**

- जैविक उत्पादों का निर्गामी शिपमेंट पिछले वित्त वर्ष में 1,040 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि एक वर्ष पहले यह 689 मिलियन डॉलर था।
- कृषि निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 17 प्रतिशत बढ़कर 41.25 बिलियन डॉलर हो गया।
- मात्रा के हिसाब से भी, जैविक उत्पादों का निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 39 प्रतिशत बढ़कर 8 लाख 88 हजार 179 टन हो गया।

**10.** किस बैंक ने अपने 10 करोड़ ग्राहकों को संपत्ति प्रबंधन उत्पादों और सेवाओं का व्यापक समूह पेश करने के लिए वेल्थ-टेक कंपनी फिसडम के साथ भागीदारी की_______**इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- साझेदारी इंडियन बैंक के नेटवर्क के माध्यम से संपत्ति उत्पादों और सेवाओं की बड़े पैमाने पर सुविधा और वितरण को सक्षम करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।
- साझेदारी के पहले चरण में, इंडियन बैंक के ग्राहक ऋणदाता के IndOASIS मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन और इसके इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल के माध्यम से अपनी पसंद के किसी भी म्यूचुअल फंड और नेशनल पेंशन सिस्टम तक पहुंच प्राप्त करके निवेश कर सकते हैं।
- इंडियन बैंक भारत का सातवां सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है।

**11.** फोर्ब्स द्वारा विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैंकों की 2021 की सूची में भारत में किस बैंक को रखा गया है________**DBS बैंक।**

**नोट:**

- DBS लगातार दूसरे वर्ष भारत में 30 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के बीच पहले स्थान पर था।
- यह फोर्ब्स द्वारा 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैंकों' की सूची का तीसरा संस्करण है, जो बाजार शोध फर्म स्टेटिस्टा के साथ साझेदारी में किया गया है।
- हाल ही में, DBS बैंक इंडिया को एशियामनी द्वारा 'इंडियाज बेस्ट इंटरनेशनल बैंक 2021' की मान्यता दी गई थी।

**12.** किस बैंक ने अपने ग्राहकों को कोविड-19 उपचार से संबंधित खर्चों का प्रबंधन करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'कवच पर्सनल लोन' नामक एक संपार्श्विक-मुक्त योजना शुरू की _______**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- ऋण राशि: 8.5% वार्षिक ब्याज दर पर 5 लाख रुपये का ऋण
- अवधि: 5 वर्ष
- यह एक संपार्श्विक-मुक्त पेशकश है जो उन खर्चों की अदायगी भी करेगी, जो कोविड चिकित्सा खर्चों के लिए पहले ही किए जा चुके हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह RBI द्वारा शुरू की गई कोविड लोन बुक के अंतर्गत होगा।

**13.** विदेशी मुद्रा भंडार धारक के रूप में भारत का स्थान _________ **चौथा।**

**नोट:**

- 4 जून, 2021 तक, विदेशी मुद्रा भंडार 605 बिलियन डॉलर था, जो दुनिया के चौथे सबसे बड़े रिजर्व धारक रूस के लगभग बराबर है।
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 605.008 बिलियन डॉलर था, जबकि रूस का 605.2 बिलियन डॉलर था।
- भंडार में 100 बिलियन डॉलर की वृद्धि में लगभग एक वर्ष का समय लगा।

**14.** किस ई-कॉमर्स कंपनी ने तेलंगाना सरकार के साथ "मेडिसिन फ्रॉम द स्काई" योजना के लिए साझेदारी की है, जिसका उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में चिकित्सा आपूर्ति करना है ________ **फ्लिपकार्ट।**

**नोट:**

- वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ड्रोन तैनात करेगी और टीकों तथा चिकित्सा आपूर्ति वितरण को सक्षम बनाएगी।
- इन प्रयासों को जियो-मैपिंग, रूटिंग ऑफ शिपमेंट जैसी तकनीकों के साथ पूरा किया जाएगा।
- इन तकनीकों के संयोजन का उपयोग राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों में 'बियॉन्ड विज़ुअल लाइन ऑफ साइट (BVLOS) वितरण के लिए किया जाएगा, जहां टीकों के शीघ्र वितरण के लिए सड़क अवसंरचना अनुकूल नहीं है।

**15.** किस बैंक ने कोविड-19 के कारण आजीविका प्रभावित अपने निम्न आय वाले ग्राहकों के लिए एक कर्मचारी-वित्त पोषित कार्यक्रम 'घर-घर राशन' शुरू किया ______**IDFC फर्स्ट बैंक।**

**नोट:**

- बैंक ने कोविड-19 के कारण दुर्भाग्यवश अपनी जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिवारों के लिए एक व्यापक कार्यक्रम और कई अन्य सामाजिक जिम्मेदारी पहल की भी घोषणा की है।
- "घर-घर राशन" एक अनूठा कार्यक्रम है जिसमें कर्मचारियों ने 50,000 कोविड प्रभावित निम्न आय वाले IDFC फर्स्ट बैंक ग्राहकों को राहत प्रदान करने हेतु एक कस्टमर कोविड केयर फंड स्थापित करने के लिए अपनी व्यक्तिगत आय से योगदान दिया है।
- बैंक के कर्मचारियों ने इस उद्देश्य के लिए एक महीने में एक दिन के वेतन का योगदान दिया।

## श्रद्धांजलियां

**1.** पद्म श्री डॉ. लक्ष्मी नंदन बोरा का हाल ही में निधन हो गया, वे एक अनुभवी थे ________ **साहित्यकार।**

**नोट:**

- डॉ. लक्ष्मी नंदन बोरा आंध्र विश्वविद्यालय से मौसम विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति थे।
- उन्होंने 1997 से 2003 तक असम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

**2.** प्रसिद्ध व्यक्ति बुद्धदेव दासगुप्ता का हाल ही में निधन हो गया, वे एक अनुभवी थे ________ **फिल्म निर्माता।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वह एक प्रसिद्ध कवि भी थे, उन्होंने बंगाली सिनेमा में योगदान के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए।
- बुद्धदेब दासगुप्ता उत्तरा, बाघ बहादुर, तहदेर कथा और चराचर जैसी समीक्षक-प्रशंसित फिल्मों के निर्देशन के लिए प्रसिद्ध थे। उनके द्वारा लिखित और निर्देशित पांच फिल्में - बाघ बहादुर, चराचर, लाल दरजा, मोंडो मेयर उपाख्यान और कालपुरुष।

3. एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता डिंग्को सिंह का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे__________ **मुक्केबाजी।**

**नोट:**

- मणिपुर के पूर्व मुक्केबाज ने कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ी और यहां तक कि पिछले वर्ष कोविड-19 का भी सामना किया।
- डिंग्को ने 1998 में एशियाई खेल में स्वर्ण जीता और उसी वर्ष अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किए गए। 2013 में, उन्हें खेल में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डिंग्को, जो नौसेना में कार्यरत थे, ने मुक्केबाजी छोड़ने के बाद कोचिंग में भी हाथ आजमाए।

4. प्रसिद्ध खिलाड़ी निर्मल कौर का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थीं __________ **वॉलीबॉल।**

**नोट:**

- वह महान ओलंपियन मिल्खा सिंह की पत्नी थीं।
- PGI चंडीगढ़ में मिल्खा सिंह का भी कोविड से संबंधित समस्याओं का इलाज चल रहा है।
- मिल्खा सिंह संस्थान के वरिष्ठ डॉक्टरों की एक मेडिकल टीम की निगरानी में हैं।

5. प्रसिद्ध व्यक्ति अशोक पनगढ़िया का कोविड-19 समस्याओं के कारण निधन हो गया, वे एक अनुभवी थे __________ **न्यूरोलॉजिस्ट।**

**नोट:**

- उन्हें तंत्रिका कोशिकाओं और न्यूरोमायोटोनिया पर उनके शोध के लिए जाना जाता था।
- वे राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के वाइस चांसलर और राजस्थान सरकार योजना बोर्ड के सदस्य थे।
- पुरस्कार: डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार, चिकित्सा श्रेणी में सर्वोच्च भारतीय पुरस्कार और 2014 में पद्म श्री।

6. प्रसिद्ध व्यक्ति प्रोफेसर राधामोहन का हाल ही में निधन हो गया, वे एक अनुभवी थे ___________ **पर्यावरणविद्।**

**नोट:**

- पद्मश्री राधामोहन जैविक खेती के प्रस्तावकों में से एक थे।
- वे ओडिशा के प्रथम सूचना आयुक्त थे।
- वे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर थे, बाद में उन्होंने संधारणीय कृषि का अभ्यास किया।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व महासागर दिवस 2021 का विषय क्या है________ **'द ओशन: लाइफ एंड लाइवलीहुड'।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- विश्व महासागर दिवस हर वर्ष 8 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।
- यह दिवस हमारे जीवन में समुद्र के महत्व और इसके संरक्षण के तरीकों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।
- विश्व महासागर दिवस 1992 से कई देशों द्वारा मनाया जा रहा है।

2. संयुक्त राष्ट्र ने 2021-30 को किस दशक के रूप में लॉन्च किया _________ **संयुक्त राष्ट्र पारिस्थितिकी तंत्र बहाली दशक।**

**नोट:**

- संयुक्त राष्ट्र दशक का उद्देश्य सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, सिविल सोसाइटी, निजी क्षेत्र की कंपनियों, युवाओं, महिला समूहों, स्वदेशी लोगों, किसानों, स्थानीय समुदायों और विश्व स्तर पर व्यक्तियों को दुनिया भर में सहयोग, विकास और पुनर्नवीनीकरण की पहल के लिए प्रेरित करना और समर्थन करना है।
- दशक का उद्देश्य प्रकृति का जीर्णोद्धार करने और वैश्विक बहाली संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों लोगों को जुटाना है जिसमें पूरी दुनिया में जीर्णोद्धार की पहल को प्रेरित किया जाएगा।

3. विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस हर वर्ष मनाया जाता है ____**8 जून।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और लोगों को ब्रेन ट्यूमर के बारे में शिक्षित करना है।
- ब्रेन ट्यूमर के रोगियों और उनके परिवारों, देखभाल करने वालों, वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य पेशेवरों को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्रायन ट्यूमर दिवस मनाया जाता है।
- ब्रेन ट्यूमर तब होता है जब कोशिकाएं असामान्य दर से बढ़ती हैं और मस्तिष्क के भीतर एक असामान्य कोशिका समूह बनाती हैं।
- ट्यूमर मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं: कैंसरयुक्त (प्राणघातक) ट्यूमर और मामूली (गैर-कैंसरयुक्त) ट्यूमर।

4. विश्व प्रत्यायन दिवस (WAD) हर वर्ष मनाया जाता है_____**9 जून।**

**नोट:**

- WAD 2021 का विषय है "Accreditation: Supporting the Implementation of the Sustainable Development Goals (SDGs)"
- यह ILAC और IAF सदस्यों को हितधारकों, नियामकों और उपभोक्ताओं के साथ यह उदाहरण साझा करने का अवसर प्रदान करता है कि एक अर्थव्यवस्था में व्यापार बढ़ाने, पर्यावरण और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान करने और उत्पादन की सामान्य समग्र गुणवत्ता में सुधार करने जैसे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रत्यायन कैसे लागू किया जा सकता है।

5. विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_________**12 जून।**

**नोट:**

- इसे 2002 में ILO द्वारा आधिकारिक मान्यता दी गई थी।
- यह सभी सरकारों को इस खतरे से छुटकारा पाने के लिए एक साथ आने का आह्वान करने का दिवस है।
- इस वर्ष का विषय 'Act Now: End Child Labour' है।

6. अंतर्राष्ट्रीय रंगहीनता जागरूकता दिवस (IAAD) प्रतिवर्ष मनाया जाता है________ **जून 13।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- हर वर्ष लोगों को शिक्षित करने और मानवाधिकार उल्लंघन के शिकार अवर्णकता से पीड़ित लोगों का सम्मान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।
- इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय रंगहीनता जागरूकता दिवस का विषय "Strength Beyond All Odds" है।

**7.** विश्व रक्त दाता दिवस 2021 का विषय क्या है ___________ **'Give blood and keep the world beating.'**

**नोट:**

- विश्व रक्तदाता दिवस पूरे विश्व में हर वर्ष 14 जून को मनाया जाता है।
- यह दिवस पहली बार **2005** में मनाया गया था और यह सुरक्षित रुधिर एवं रुधिर उत्पादों की आवश्यकता की स्वीकृति को बढ़ाने का कार्य करता है।
- विश्व रक्तदाता दिवस रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रूप से जीवन रक्षक उपहार (रक्त) देने की सराहना हेतु भी मनाया जाता है।

## नई नियुक्तियां

**1.** अब्दुल्ला शाहिद को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) का नया प्रेसीडेंट चुना गया, वह किस देश के विदेश मंत्री हैं_________**मालदीव।**

**नोट:**

- डाले गए 191 मतों में से शाहिद को 143 मत मिले जबकि रसूल को 48 मत मिले।
- UNGA प्रेसीडेंट पद का चुनाव वार्षिक आधार पर होता है, जो विभिन्न क्षेत्रीय समूहों के बीच क्रमावर्तित होता है। 76वें UNGA सत्र (2021-22) में एशिया-प्रशांत समूह की बारी थी।
- यह पहली बार है जब मालदीव UNGA प्रेसीडेंट के पद पर आसीन होगा।

**2.** विश्ववीर आहूजा को अगली एक वर्ष की अवधि के लिए किस बैंक के MD और CEO के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है _________ **RBL बैंक।**

**नोट:**

- भारतीय रिजर्व बैंक ने 30 जून, 2021 से एक वर्ष की अवधि के लिए RBL बैंक के प्रबंध निदेशक और CEO के रूप में विश्ववीर आहूजा की नियुक्ति को मंजूरी दी।
- वह 30 जून 2010 से RBL बैंक के प्रबंध निदेशक और CEO हैं।
- RBL बैंक से पहले, आहूजा बैंक ऑफ अमेरिका, इंडिया के प्रबंध निदेशक और CEO थे।

**3.** HSBC इंडिया का मुख्य कार्यकारी अधिकारी किसे नियुक्त किया गया _________ **हितेंद्र दवे।**

**नोट:**

- हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (HSBC) ने हितेंद्र दवे को HSBC इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की, जो नियामक अनुमोदन प्राप्ति के अधीन है।
- उन्हें 7 जून, 2021 से अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।
- दवे सुरेंद्र रोशा की जगह लेंगे जो HSBC एशिया-पैसिफिक के सह-मुख्य कार्यकारी के रूप में हांगकांग जाएंगे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**4.** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (PNGRB) का चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया_________ **संजीव नंदन सहाय।**

**नोट:**

- नीति आयोग के सदस्य (S&T) वी.के. सारस्वत की अध्यक्षता में एक अनुसंधान समिति ने सहाय के नाम को मंजूरी दी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड भारत में एक वैधानिक संस्था है।
- संजीव नंदन सहाय अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (AGMUT) कैडर के 1986 बैच के IAS अधिकारी हैं।
- उन्होंने 2019 में विद्युत मंत्रालय में सचिव का पदभार ग्रहण किया।
- उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में पांच वर्ष सहित अपने पूरे करियर में नौकरशाही के विभिन्न पदों पर काम किया है।

**5.** हुसैन अल-मुसल्लम किस देश से हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय तैराकी महासंघ (FINA) का प्रेसीडेंट चुना गया ________ **कुवैत।**

**नोट:**

- कुवैत के हुसैन अल-मुसल्लम को दोहा, कतर में आयोजित FINA जनरल कांग्रेस में अंतर्राष्ट्रीय तैराकी महासंघ (FINA) का प्रेसीडेंट चुना गया।
- वह पहले FINA के पहले वाइस प्रेसीडेंट (VP) के रूप में कार्यरत थे। (FINA में 2 VP हैं)।

**6.** चुनाव आयुक्त किसे नियुक्त किया गया ___________ **अनूप चंद्र पांडे।**

**नोट:**

- वह 1984 बैच, उत्तर प्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त IAS अधिकारी हैं।
- पांडे को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा के 12 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने से रिक्त हुए पद पर नियुक्त किया गया है।
- यह तीन सदस्यीय आयोग की सदस्य संख्या को पूरा करता है, जो अब अगले वर्ष उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों की निगरानी करेगा।

**7.** बंधन बैंक का MD एवं CEO किसे नियुक्त किया गया___________**चंद्र शेखर घोष।**

**नोट:**

- उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा, जो 10 जुलाई 2021 से शुरू होगा।
- उनकी पुनर्नियुक्ति बैंक की आगामी वार्षिक आम सभा में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।
- बंधन बैंक 2001 से एक वाणिज्यिक बैंक के रूप में कार्य कर रहा है।

**8.** मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति (ACC) द्वारा जीवन बीमा निगम (LIC) के अध्यक्ष के रूप में किसका कार्यकाल बढ़ाया गया __________**एम.आर. कुमार।**

**नोट:**

- उनका वर्तमान कार्यकाल इस वर्ष 30 जून को समाप्त होना था।
- कुमार को 13 मार्च, 2019 को LIC का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। कुमार 1983 में एक सीधी भर्ती से अधिकारी के रूप में LIC में शामिल हुए थे।
- हाल ही में, विनिवेश योजना में केंद्र, जिसके पास LIC का 100% स्वामित्व है, IPO के माध्यम से 10% तक की हिस्सेदारी छोड़ रहा है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

9. 22.06.2021 से दो वर्ष की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के डिप्टी गवर्नर के रूप में किसे पुनर्नियुक्त किया गया ________**एम.के जैन।**

**नोट:**

- जैन को जून 2018 में तीन वर्ष के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था।
- भारतीय रिजर्व बैंक में शामिल होने से पहले, वह IDBI बैंक के प्रबंध निदेशक थे।
- अन्य तीन सेवारत डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा, एम. राजेश्वर राव और टी. रबी शंकर हैं।

10. नवगठित डिजिटल पब्लिशर कंटेंट ग्रीवेन्स काउंसिल (DPCGC) के शिकायत निवारण बोर्ड (GRB) का चेयरमैन किन्हें नियुक्त किया गया ______**न्यायमूर्ति अर्जन कुमार सीकरी।**

**नोट:**

- शिकायत निवारण बोर्ड (GRB) परिषद सदस्यों की वीडियो ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सर्विस से संबंधित कंटेंट शिकायतों का समाधान करेगा।
- यह एक स्वतंत्र संस्था और 3-टियर शिकायत निवारण तंत्र में 2-टियर के रूप में कार्य करेगा।
- DPCGC में वर्तमान में सदस्यों के रूप में ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट के 14 पब्लिशर हैं।

11. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के निर्वाचित अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद के शेफ डी कैबिनेट के रूप में नियुक्त किए जाने वाले भारतीय व्यक्ति _______**के. नागराज नायडू।**

**नोट:**

- नायडू संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि हैं।
- 193 सदस्यों वाली महासभा संयुक्त राष्ट्र का मुख्य विचारक, नीति-निर्माता और प्रतिनिधि अंग है।
- शाहिद को भारी बहुमत से संयुक्त राष्ट्र महासभा के अगले सत्र का अध्यक्ष चुना गया।

12. उखना खुरेलसुख को किस देश का राष्ट्रपति निर्वाचित किया गया________**मंगोलिया।**

**नोट:**

- खुरेलसुख ने राष्ट्रीय मतदान में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सोदनोमज़ुंडुई एर्डीन और राइट पर्सन इलेक्टोरल कोअलिशन के डांगासुरेन एनखबत को हराया।
- रात तक 99.7% मतगणना के साथ, खुरेलसुख के मत 821,136 या कुल मत के 68% तक पहुंच गए, जो 1990 में लोकतांत्रिक युग की शुरुआत के बाद सर्वाधिक मत हैं।

13. इज़राइल के नए प्रधान मंत्री पद की शपथ किसने ली_______**नफ्ताली बेनेट।**

**नोट:**

- नेतन्याहू इजराइल के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता हैं।
- बेनेट एक पूर्व रक्षा मंत्री हैं और दक्षिणपंथी यामिना पार्टी से जुड़े हुए हैं।
- सत्ता सहभाजन समझौते के तहत बेनेट सितंबर 2023 तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे।
- इसके बाद वह येर लापिद को अगले 2 वर्षों के लिए सत्ता सौंपेंगे।

14. इलाहाबाद उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया _______**संजय यादव।**

**नोट:**

- उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शपथ दिलाई।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे।
- उन्होंने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया है।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना 1866 में हुई थी और यह 160 सेवारत न्यायाधीशों के साथ सबसे पुराने उच्च न्यायालयों में से एक है।

**15.** UNCTAD की पहली महिला महासचिव किसे नियुक्त किया गया ______**रेबेका ग्रिन्स्पन।**

**नोट:**

- वह व्यापार, निवेश और विकास के मुद्दों से संबंधित वैश्विक संस्था की अध्यक्षता करने वाली पहली महिला और मध्य अमेरिकी (कोस्टा रिका) हैं।
- 2014 से, ग्रिन्स्पन इबेरो-अमेरिकन जनरल सेक्रेटेरिएट की महासचिव थीं।
- 2010 से 2014 तक, वह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की उप प्रशासक थीं।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** जून 2021 में, भारत को 2022 से 2024 तक की तीन वर्षीय अवधि के लिए किस संयुक्त राष्ट्र संस्था का सदस्य चुना गया _______**आर्थिक एवं सामाजिक परिषद।**

**नोट:**

- भारत को अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ओमान के साथ एशिया-प्रशांत राज्यों की श्रेणी में 7 जून, 2021 को UNGA द्वारा 54 सदस्यीय ECOSOC के लिए चुना गया था।
- ECOSOC अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करने और सदस्य राष्ट्रों एवं संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के लिए नीतिगत सिफारिशें तैयार करने हेतु केंद्रीय मंच के रूप में कार्य करता है।

**2.** नीति आयोग और किस परोपकारी फाउंडेशन ने लक्षणहीन या हल्के लक्षणों वाले कोविड -19 रोगियों को घर में देखभाल हेतु सहायता प्रदान करने के लिए 'सुरक्षित हम सुरक्षित तुम अभियान' शुरू किया______**पीरामल फाउंडेशन।**

**नोट:**

- फाउंडेशन जो पिछले वर्ष से 25 जिलों में वरिष्ठ नागरिकों की कोविड से देखभाल में मदद कर रहा है, ने अब अपने कार्यक्षेत्र को 112 पिछड़े जिलों में विस्तारित किया है जिसे "आकांक्षी जिले" कहा जाता है।
- दोनों संस्थाओं ने 'सुरक्षित हम सुरक्षित तुम अभियान' की शुरुआत की, जो इन 112 जिलों में जिला प्रशासन की उन रोगियों की घर पर देखभाल में मदद करने के लिए शुरू किया जाएगा जो लक्षणहीन या हल्के लक्षणों से ग्रस्त हैं।

**3.** किस संस्थान को टाइम्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में सर्वश्रेष्ठ भारतीय विश्वविद्यालय के रूप में स्थान दिया गया है_________**भारतीय विज्ञान संस्थान।**

**नोट:**

- जापान (116 विश्वविद्यालयों) और मुख्यभूमि चीन (91) के बाद भारत प्रतिनिधित्व के मामले में समग्र रूप से तीसरे स्थान पर है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- जहां भारतीय विज्ञान संस्थान (37वां) लगातार सातवें वर्ष देश का सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय बना हुआ है, वहीं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ (55वां) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर (78वां) ने भी इस वर्ष शीर्ष 100 में जगह बनाई है।
- कम से कम लगातार दूसरे वर्ष रैंकिंग में आने वाले 49 भारतीय विश्वविद्यालयों में से, 51% ने अपनी 2020 रैंकिंग कायम रखी है या उसमें सुधार किया है।

**4.** प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 के अनुसार, कौन सा भारतीय संस्थान प्रति संकाय संकेतक के अनुसार दुनिया का शीर्ष अनुसंधान विश्वविद्यालय है________**भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु।**

**नोट:**

- भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु, IIT बॉम्बे और IIT दिल्ली नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष-200 स्थानों में रैंक हासिल करने वाले भारत के तीन विश्वविद्यालय हैं।
- रैंकिंग के अनुसार, विश्व स्तर पर समग्र विश्वविद्यालय रैंकिंग में IIT बॉम्बे ने 177वां स्थान हासिल किया, IIT दिल्ली ने 185वां रैंक हासिल किया और IISc बेंगलुरु ने 186वां स्थान हासिल किया।
- भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु, प्रति संकाय संकेतक के अनुसार दुनिया का शीर्ष अनुसंधान विश्वविद्यालय है, जबकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी, श्रेणी में 41वें स्थान पर है।

**5.** क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 में कौन सा संस्थान लगातार चौथे वर्ष भारत का शीर्ष रैंक वाला संस्थान है________**IIT बॉम्बे।**

**नोट:**

- भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु, IIT बॉम्बे और IIT दिल्ली नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष-200 स्थानों में रैंक हासिल करने वाले भारत के तीन विश्वविद्यालय हैं।
- रैंकिंग के अनुसार, विश्व स्तर पर समग्र विश्वविद्यालय रैंकिंग में IIT बॉम्बे ने 177वां स्थान हासिल किया, IIT दिल्ली ने 185वां रैंक हासिल किया और IISc बेंगलुरु ने 186वां स्थान हासिल किया।
- रैंकिंग के 18वें संस्करण के अनुसार, भारत प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), बॉम्बे, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 में लगातार चौथे वर्ष भारत का शीर्ष रैंक वाला संस्थान है।

**6.** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) 2019-20 के अनुसार राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की संख्या बढ़कर हो गई________ **135।**

**नोट:**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण 2019-20 की रिपोर्ट जारी की।

**मुख्य विशेषताएं:**

- पांच वर्षों में छात्र नामांकन में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- इस अवधि के दौरान उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की संख्या 2015 में 75 से बढ़कर 2020 में 135 हो गई है।
- AISHE रिपोर्ट वर्ष 2010-11 से शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित की जाती है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

7. ओलंपिक 2024 और उसके बाद एथलीटों को दी जाने वाली खेल चिकित्सा और पुनर्वास सहायता को सरल बनाने के लिए केंद्रीय एथलीट चोट प्रबंधन प्रणाली (**CAIMS**) किसने शुरू की ________**किरेन रिजिजू।**

**नोट:**

- यह उन एथलीटों की सहायता करेगा जो टार्गेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS) विकास समूह का हिस्सा हैं।
- इसमें 4 संरचनाएं होंगी: एथलीट वेलनेस सेल, ऑन-फील्ड स्पोर्ट्स मेडिसिन एक्सपर्ट, नेशनल रिसोर्स रेफरल टीम, सेंट्रल कोर टीम।

8. किस मंत्रालय ने 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) पर एक कार्यक्रम में 'नमस्ते योग' लॉन्च किया_________ **आयुष मंत्रालय।**

**नोट:**

- कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय द्वारा मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से किया गया था।
- ऐप को जनता के लिए संसूचना मंच के रूप में डिजाइन किया गया है।
- इसका उद्देश्य योग के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसे विशाल समुदाय तक पहुंचाना है।
- IDY हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है।

9. भारत ने किस देश के साथ भारतीय घरेलू कामगारों की भर्ती को सरल बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _______ **कुवैत।**

**नोट:**

- समझौता ज्ञापन कुवैत में भारतीय कामगारों को कानूनी ढांचे के दायरे में लाता है जो उनकी भर्ती को सरल बनाएगा और उन्हें कानूनी संरक्षण प्रदान करेगा।
- यह नियोक्ताओं और श्रमिकों के अधिकारों और दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए एक रोजगार अनुबंध और श्रमिकों को हर समय सहायता के लिए एक क्रियाविधि भी पेश करता है।
- समय-समय पर समीक्षा करने और समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन का पालन करने के लिए एक संयुक्त समिति बनाई जाएगी।

10. कौरसेरा की वैश्विक कौशल रिपोर्ट 2021 में भारत की रैंक _________**67वीं।**

**नोट:**

- इसने डिजिटल कौशल विकास में पिछड़ापन प्रदर्शित किया।
- प्रत्येक वैश्विक कौशल कार्यक्षेत्र में 38% दक्षता दर्शाई। विश्व स्तर पर, भारत व्यापार में 55वें और प्रौद्योगिकी तथा डेटा विज्ञान दोनों में 66वें स्थान पर है।
- एशिया में भारत 16वें स्थान पर है, जो फिलीपींस और थाईलैंड से आगे, लेकिन सिंगापुर और जापान से पीछे है।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने प्राण वायु देवता पेंशन योजना (PVDPS) शुरु की ________ **हरियाणा।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इस प्राण वायु देवता पेंशन योजना का उद्देश्य राज्य में प्राकृतिक ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना है।
- यह प्राण वायु देवता पेंशन योजना कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बीच सांस लेने के लिए स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- हरियाणा सहित कई राज्यों ने हाल ही में गंभीर रूप से बीमार कोविड-19 रोगियों के लिए आवश्यक मेडिकल ऑक्सीजन के संकट का सामना किया।

**2.** किस राज्य सरकार ने भारत रत्न और पद्म पुरस्कार के समान वार्षिक पुरस्कारों की एक श्रृंखला स्थापित की है__________**असम।**

**नोट:**

- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वास सरमा की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया।
- समाज में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हर वर्ष असोम रत्न एक व्यक्ति को, असोम विभूषण तीन को, असोम भूषण दो को और असोम श्री 10 व्यक्तियों को प्रदान किया जाएगा।

**3.** किस राज्य सरकार ने छोटे विक्रेताओं और कारीगरों की मदद करने के लिए योजना शुरू की है और 3.7 लाख छोटे व्यापारियों को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 370 करोड़ रुपये दिए हैं________**आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- इस योजना के तहत राज्य सरकार ने 3.7 लाख छोटे व्यापारियों को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 370 करोड़ रुपये दिए।
- यद्यपि योजना से 9.05 लाख लाभार्थियों की पहचान की गई थी, लेकिन चरण-1 में बैंकों द्वारा 5.35 लाख लाभार्थियों को केवल 535 करोड़ रुपये का वितरण किया गया था।

**4.** किस केंद्र शासित प्रदेश ने क्षेत्र के निवासियों के लिए सभी नौकरियां आरक्षित की हैं ________**लद्दाख।**

**नोट:**

- नए भर्ती नियमों का उल्लेख केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख रोजगार (अधीनस्थ) सेवा भर्ती नियम, 2021 के खंड 11 में किया गया है।
- 5 अगस्त, 2019 को केंद्र शासित प्रदेश (UT) के रूप में बनाए जाने के बाद, इस कदम ने लद्दाख के लोगों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया है।
- उपराज्यपाल द्वारा दिनांक 21.01.2020 के S.O 282(E) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया गया।

**5.** दिहिंग पटकाई किस राज्य का 7वां राष्ट्रीय उद्यान बन गया_________**असम।**

**नोट:**

- मध्य प्रदेश में 12 और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 9 के बाद अब असम (7) में सर्वाधिक राष्ट्रीय उद्यान है।
- राज्य के पांच पुराने राष्ट्रीय उद्यान काजीरंगा, मानस, नामेरी, ओरंग और डिब्रू-सैखोवा हैं।
- काजीरंगा और मानस यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल हैं। नामेरी और ओरंग के साथ ये टाइगर रिजर्व भी हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

6. किस राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना के मसौदे को मंजूरी दी जिसके तहत कृषि बिजली उपभोक्ताओं को 1,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे________**राजस्थान।**

**नोट:**

➢ योजना के तहत कृषि बिजली उपभोक्ताओं को 1,000 रुपये प्रति माह और अधिकतम 12,000 रुपये वार्षिक मिलेंगे।

➢ केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी और अन्य आय करदाता सब्सिडी के पात्र नहीं होंगे।

7. किस राज्य सरकार ने युवा लोगों की सहायता से लोगों को कोविड महामारी के प्रति जागरूक करने के लिए 'युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान' शुरू किया_______**मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

➢ युवा शक्ति के सहयोग से अभियान की शुरुआत की जाएगी।

➢ युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान में कॉलेज के शिक्षकों एवं लगभग 16 लाख विद्यार्थियों को कोविड के अनुकूल व्यवहार एवं टीकाकरण सिखाकर कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक किया जायेगा।

➢ यह अभियान उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से चलाया जायेगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने परिवार के DNA के माध्यम से लापता व्यक्तियों की पहचान करने और सदस्य देशों में लंबे समय से बंद केसों को सुलझाने में पुलिस की मदद करने के लिए "आई-फैमिलिया" नामक एक नया वैश्विक डेटाबेस लॉन्च किया है __________ **इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गनाइजेशन (इंटरपोल)।**

**नोट:**

➢ आई-फैमिलिया के तीन घटक हैं: रिश्तेदारों द्वारा प्रदान किए गए DNA प्रोफाइल के लिए एक अलग वैश्विक डेटाबेस जिसे किसी भी आपराधिक डेटा से अलग रखा गया है; डच कंपनी स्मार्ट रिसर्च द्वारा विकसित बोनापार्ट नामक DNA मैचिंग सॉफ्टवेयर; और इंटरपोल द्वारा विकसित विवेचना संबंधी दिशानिर्देश।

2. किस देश ने अंतर्राष्ट्रीय नाइट्रोजन पहल (INI) के 8वें त्रैवार्षिक सम्मेलन की मेजबानी की_________ **जर्मनी।**

**नोट:**

➢ जर्मनी की संघीय पर्यावरण एजेंसी (Umweltbundesamt-UBA) ने इसकी शुरुआत के बाद से पहली बार सम्मेलन की मेजबानी की। पर्यावरण, प्रकृति संरक्षण और परमाणु सुरक्षा संघीय मंत्रालय ने UBA का समर्थन किया।

➢ संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन और संयुक्त राष्ट्र यूरोपीय आर्थिक आयोग ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

➢ सम्मेलन में 60 से अधिक देशों के 800 से अधिक वैज्ञानिकों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

3. कौन सा देश भारतीय नौसेना को तीन MH-60 रोमियो मल्टीरोल हेलीकॉप्टर सौंपेगा________ **अमेरिका।**

**नोट:**

➢ भारतीय पायलटों का पहला जत्था भी हेलीकॉप्टरों पर प्रशिक्षण के लिए अमेरिका पहुंच गया है, जो अगले वर्ष जुलाई में भारत पहुंचेंगे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- लॉकहीड मार्टिन से 24 MH-60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए भारत और अमेरिका ने 2020 में सरकार-सरकार सौदे पर फास्ट ट्रैक प्रक्रियाओं के तहत प्रक्रिया को तेज करने के लिए 16,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे।

**4.** अमेरिका के 2020 में ओपन स्काई ट्रीटी से बाहर होने के बाद, कौन सा देश औपचारिक रूप से संधि से बाहर हो गया________**रूस।**

**नोट:**

- 24 मार्च 1992 को हस्ताक्षरित, यह समझौता अपने 34 सदस्य राष्ट्रों के क्षेत्रों पर बिना हथियार निगरानी की अनुमति देता है।
- पिछले वर्ष डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाले अमेरिका के संधि से बाहर होने के बाद रूस संधि से बाहर निकलने वाला दूसरा देश बन गया है।
- ओपन स्काई संधि एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो राष्ट्रों को पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक दूसरे के सैन्य बलों के बारे में जानकारी एकत्र करने की सुविधा प्रदान करती है।

**5.** बिटकॉइन को कानूनी निविदा का दर्जा देने वाला दुनिया का पहला देश________**अल सल्वाडोर।**

**नोट:**

- कानूनी निविदा के रूप में बिटकॉइन का उपयोग 90 दिनों में कानून बन जाएगा।
- देश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक विप्रेषित धन पर निर्भर करती है और इसलिए जो लोग विदेश में काम कर रहे हैं वे बिटकॉइन में भी पैसा भेज सकते हैं।
- यह देश में वित्तीय समावेशन, निवेश, पर्यटन, नवाचार और आर्थिक विकास लाएगा।

**6.** इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2021 के अनुसार दुनिया का रहने योग्य सबसे उत्तम शहर _________ **ऑकलैंड।**

**नोट:**

- वार्षिक सूची 2020 में आगे नहीं बढ़ी, लेकिन ऑस्ट्रिया का वियना, 2018 और 2019 दोनों में नंबर एक, कोविड से अत्यधिक प्रभावित होने के बाद शीर्ष 10 से पूरी तरह से बाहर हो गया है, और अब 12वें स्थान पर है।
- न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन इस वर्ष की सूची में चौथे स्थान पर थी, जापान के टोक्यो के साथ, और ऑस्ट्रेलिया के चार शहर, जहां पूरे संकट के दौरान सख्त सीमा नियंत्रण मौजूद रहा, शीर्ष 10 में आए।

**7.** दो दिवसीय अरब-इंडिया एनर्जी फोरम (AIEF) का पहला संस्करण भारत और किसकी सह-अध्यक्षता में आयोजित किया गया था_________ **मोरक्को।**

**नोट:**

- यह कार्यक्रम भारत और मोरक्को किंगडम की सह-अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।
- फोरम ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों के क्षेत्र में ज्ञान, विशेषज्ञता और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान, नई और नवीकरणीय ऊर्जा का त्वरित विकास, क्षेत्रीय बिजली-साझाकरण व्यवस्था प्रोत्साहन, परिष्कृत तेल पुन:प्राप्ति, गैस निष्कर्षण, और सुरक्षित परमाणु ऊर्जा उत्पादन, आदि का साक्षी बना।
- 2023 के दौरान भारत में AIEF के दूसरे संस्करण को आयोजित करने पर सहमति हुई।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**8.** संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) की HIV/AIDS पर उच्च स्तरीय बैठक (HLM) के दौरान, सभा ने कब तक एड्स को समाप्त करने की घोषणा को मंजूरी दी______**2030 तक।**

**नोट:**

- महासभा ने कहा कि कोविड-19 ने असमानताओं को बढ़ा दिया है और एड्स की दवाओं, उपचारों और निदान तक पहुंच रोक दी है।
- घोषणापत्र ने महासभा के 193 सदस्य देशों को इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध किया
- 2025 तक नए वार्षिक HIV संक्रमण को 3,70,000 और एड्स से संबंधित वार्षिक मौतों को 2,50,000 से कम करना है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2021 में पर्यावरण संरक्षण पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार किस फिल्म को मिला_______**वाटर बुरियल।**

**नोट:**

- येशे दोरजी थोंगची द्वारा लिखित लोकप्रिय असमिया उपन्यास सबा कोटा मनुह से प्रेरित 'वाटर बुरियल' मोनपा बोली में है और अरुणाचल प्रदेश में एक स्थानीय जनजाति की एक काली अनुष्ठान क्रिया के इर्द-गिर्द एक दिलचस्प कहानी है।
- मोनपा बोली में फिल्म निर्माता शांतनु सेन द्वारा निर्देशित फिल्म ने पूर्वोत्तर की जनजातियों के रीति-रिवाजों को व्यक्त करने और मुख्यधारा के मीडिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में अपनी विशिष्टता के लिए सकारात्मक समीक्षा प्राप्त की।

**2.** टाइम्स 50 मोस्ट डिजायरेबल वूमेन 2020 लिस्ट में पहला स्थान किसने हासिल किया है ______**रिया चक्रवर्ती।**

**नोट:**

- इस वर्ष रिया चक्रवर्ती सूची में शीर्ष पर हैं।
- सुशांत सिंह राजपूत के आकस्मिक निधन और उस पर हुए विवाद के कारण वह पिछले वर्ष अधिकांश समय चर्चा में रहीं।
- दूसरे स्थान पर एडलाइन कैस्टेलिनो (मिस यूनिवर्स 2020 - तीसरी उप-विजेता), तीसरे स्थान पर दिशा पटानी, चौथे स्थान पर कियारा आडवाणी और पांचवें स्थान पर दीपिका पादुकोण हैं।

## खेल समाचार

**1.** कौन सा देश पहला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) हॉकी फाइव विश्व कप की मेजबानी करेगा__________ **ओमान।**

**नोट:**

- मैच ओमान की राजधानी मस्कट में होंगे।
- हॉकी फाइव कार्यक्रम एक बिल्कुल नई FIH प्रतियोगिता है। महिला और पुरुष की सोलह टीमें (प्रति महाद्वीप तीन, ओमान मेजबान) इस पहले संस्करण में भाग लेंगी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- विश्व कप के लिए कॉन्टिनेंटल हॉकी फाइव क्वालिफायर 2022 में आयोजित किए जाएंगे।

**2.** कौन सा भारतीय फुटबॉलर अर्जेंटीना के ग्लोबल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी को पछाड़कर 74 स्ट्राइक के साथ दूसरे सर्वाधिक सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं_________ **सुनील छेत्री।**

**नोट:**

- 36 वर्षीय छेत्री ने 2022 फीफा विश्व कप और 2023 AFC एशियाई कप के लिए संयुक्त प्रारंभिक क्वालीफाइंग राउंड मैच में बांग्लादेश के खिलाफ आश्चर्यजनक उपलब्धि हासिल की।
- अनुभवी स्ट्राइकर, जिसने भारत को विश्व कप क्वालीफायर में छह वर्ष में अपनी पहली जीत दर्ज करने में मदद की, अब सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय गोल-स्कोरर सूची में पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो (103) से पीछे हैं।

**3.** फ्रेंच ओपन पुरुष एकल खिताब 2021 किसने जीता __________ **नोवाक जोकोविच।**

**नोट:**

- वह अब राफेल नडाल और रोजर फेडरर के पुरुषों के 20 ग्रैंड स्लैम खिताबों के रिकॉर्ड से एक पायदान पीछे हैं।
- सर्बिया के वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी ने अपने ग्रैंड स्लैम आंकड़े को 19 खिताबों तक बढ़ा दिया है, और अब वह रोजर फेडरर और राफेल नडाल के पुरुषों के रिकॉर्ड से एक अंक पीछे हैं।
- जोकोविच सभी चार ग्रैंड स्लैम कम से कम दो बार जीतने वाले ओपन एरा में पहले और समग्र रूप से तीसरे व्यक्ति बन गए हैं।

**4.** फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब 2021 किसने जीता_________ **बारबोरा क्रेजीकोवा।**

**नोट:**

- गैर वरीयता प्राप्त 25 वर्षीय क्रेजीकोवा जो 33वें स्थान पर थी, पेरिस के इस सफर से पहले किसी भी ग्रैंड सलैम में चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाईं थीं।
- लेकिन एक शानदार सफर में, एलिना स्वितोलिना, स्लोएन स्टीफंस, कोको गौफ और मारिया सककारी को हराकर, उन्होंने दो घंटे तक चले फाइनल के बाद प्रतिष्ठित रोलैंड गैरोस ट्रॉफी जीती।
- पाव्लुचेंकोवा, जिन्होंने अपने 52वें मैच में अपना पहला बड़ा फाइनल खेला, ने दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन अंत तक इसे कायम रखने में विफल रहीं।

**5.** भारत की मीराबाई चानू किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया ________**भारोत्तोलन।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने घोषणा की कि मीराबाई ने अपने वर्ल्ड रैंकिंग प्वाइंट के आधार पर क्वालीफाई किया।
- मणिपुर की 26 वर्षीय भारोत्तोलक महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में दूसरे स्थान पर हैं।
- IWF के नियमों के अनुसार, महिला समूह में सात सहित 14 भार वर्गों में से प्रत्येक में शीर्ष आठ भारोत्तोलक टोक्यो खेलों में भाग लेने के पात्र हैं।

**6.** वारसॉ में पोलैंड रैंकिंग सीरीज में यूक्रेन की ख्रिस्तयाना बेरेज़ा पर 8-0 से जीत के साथ महिलाओं का 53 किग्रा फ्रीस्टाइल स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पहलवान ________**विनेश फोगाट।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- विनेश के स्वर्ण जीतने के प्रयास से 23 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक में 53 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में उनकी वरीयता में सुधार होने की संभावना है।
- फाइनल मैच में, विनेश ने मुकाबले के शुरुआती 70 सेकंड में 2-0 से बढ़त बनाई। बोर्ड पर दो मिनट से भी कम समय में उन्होंने 4-0 की बढ़त बना ली।
- ख्रिस्तयाना को मुकाबले के शुरुआती चरणों में विनेश के साथ तालमेल बिठाने में संघर्ष करना पड़ा। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, यूक्रेन की खिलाड़ी ने कुछ अच्छी चालें चलीं, लेकिन विनेश मुश्किल परिस्थितियों से जल्दी बाहर आ गईं।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. 'होम इन द वर्ल्ड' पुस्तक किसने लिखी ______**अमर्त्य सेन।**

**नोट:**

- नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने अपना संस्मरण 'होम इन द वर्ल्ड' लिखा।
- इसे पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।
- संस्मरण में, वह अपने जीवन से विवरण साझा करते हैं और 'घर' के विचार की खोज करते हैं।
- इस पुस्तक में, सेन बताते हैं कि कैसे रवींद्रनाथ टैगोर ने उन्हें अमर्त्य नाम दिया था।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. भारत ने किस देश के साथ अंडमान सागर में कोऑर्डिनेटेड पेट्रोल (CORPAT) के तीन दिवसीय 31वें संस्करण का आयोजन किया_________**थाईलैंड।**

**नोट:**

- यह भारत-थाईलैंड कोऑर्डिनेटेड पेट्रोल (CORPAT) का 31वां संस्करण है।
- भारतीय नौसेना के अपतटीय गश्ती पोत INS सरयू और थाई जहाज क्राबी के साथ दोनों नौसेनाओं के डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान अभ्यास में भाग ले रहे हैं।
- दोनों नौसेनाएं 2005 से अपनी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) के पास द्विवार्षिक CORPAT अभ्यास कर रही हैं।

2. कौन सी अंतरिक्ष एजेंसी शुक्र ग्रह के आंतरिक कोर से ऊपरी वायुमंडल तक संपूर्ण अध्ययन के लिए अपना जांच मिशन ‘EnVision’ विकसित कर रही है ________ **यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)।**

**नोट:**

- मिशन जिसे EnVision कहा गया है, संभवत: 2030 की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा।
- **ESA** का **EnVision** जांच यह निर्धारित करेगी कि सूर्य के प्रति वासयोग्य क्षेत्र में होते हुए भी शुक्र और पृथ्वी इतने अलग तरीके से कैसे और क्यों विकसित हुए।
- नासा के योगदान से ESA इस मिशन को पूरा करेगा।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co